जिला पन्चायत, कानपुर देहात



31 मार्च, 1994 ई०

सं० 2575–77/23—29–93–94—उत्तर प्रदेश क्षेत्र समिति एवं जिला परिषद् अधिनियम, 1961 की धारा 239 (1) की उपधारा (ङ) के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला परिषद्, कानपुर देहात ने अपने प्रबन्ध के अन्तर्गत कानपुर देहात के ग्रामीण क्षेत्रों में क्षोभकर व्यवसाय, कारखाना/फैक्ट्री को नियन्त्रित तथा विनियमित करने के उद्देश्य से उपविधियां बनायी गयी हैं, उनकी पुष्टि किए जाने के पश्चात् उक्त अधिनियम की धारा–242 (2) के प्रयोजनार्थ एतद्द्वारा प्रकाशित किए जाते हैं।

उपविधियां

1—(1) यह उपविधियां जिला परिषद्, कानपुर देहात फैक्ट्री उपविधियां कहलायेंगी।

(2) यह उपविधियां जिला परिषद्, कानपुर देहात के समस्त ग्रामीण क्षेत्र के सभी वर्तमान और भविष्य में लगने वाली फैक्ट्रियों को नियंत्रित करेंगी।

(3) आयुक्त, कानपुर मण्डल, कानपुर द्वारा पुष्टि होने एवं तत्पश्चात् गजट में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होंगी।

2—परिभाषाएं—(1) "ग्रामीण क्षेत्र" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश क्षेत्र समिति एवं जिला परिषद् अधिनियम, 1961 की धारा 2 (10) में यथा परिभाषित ग्राम्य क्षेत्र से है।

(2) "फैक्ट्री" का अर्थ ऐसे भवन और उसकी सेवाओं तक की भूमि से है, जिसके किसी भाग में किसी वस्तु के उत्पादन क्रिया सम्बन्धी रीति में शक्ति व उपयोग किया जाता हो।

3—कोई भी व्यक्ति/प्रतिष्ठान का मालिक अथवा साझेदार फैक्ट्री तब तक नहीं चला सकेगा जब तक उसने निर्धारित शुल्क जिला परिषद् में जमा करके लाइसेन्स प्राप्त न कर लिया हो।

4—किसी फैक्ट्री के मालिक को इस आधार पर कि उसने अन्य किसी निकाय अथवा संस्था अथवा सरकारी विभाग से अनुज्ञा पत्र/लाइसेन्स प्राप्त कर लिया हो तो जिला परिषद् से लाइसेन्स की आवश्यकता नहीं है, की छूट प्रदान नहीं की जायेगी। यदि फैक्ट्री ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत है तो उसे प्रत्येक दशा में जिला परिषद् से लाइसेन्स लेना अनिवार्य होगा।

5—इन उपविधियों के अधीन लाइसेन्स पाने वाले व्यक्ति को पड़ोस के निवासियों की स्वास्थ्य सुरक्षा आदि के लिए निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा—

(क) चिमनी की ऊंचाई पड़ोस की सबसे ऊंची इमारत से 5 मीटर से कम ऊंचाई अथवा स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित ऊंचाई की चिमनी पर्यावरण प्रदूषित होने से रोकने के उद्देश्य से लगाना अनिवार्य होगा। परन्तु कोयले की छोटी भट्ठी के लिये चिमनी की कोई आवश्यकता नहीं होगी। पर भट्ठी आबादी से लगभग एक फर्लांग दूर लगायी जायेंगी।

(ख) साधारण शोरगुल रोकने के लिए फैक्ट्री में अहाते में शोरगुल रोकने वाले यंत्र (साइलेन्सर) को जहां आवश्यक हो लगाया जाना चाहिए, लगाना होगा।

(ग) फैक्ट्री में 15 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को काम करने की आज्ञा न दी जायेगी।

(घ) फर्श की नालियां व शीरा भरने के तालाब को पक्का होना चाहिए तथा उसकी ठीक मरम्मत होती रहे। प्रयोग किये हुये पानी को बाहर निकालने के लिये ऐसी नालियां बनाई जायें जो स्वास्थ्य की दृष्टि से अपेक्षित हो।

(ङ) लाइसेन्स अधिकारी के संतोषानुसार फैक्ट्री का अहाता सभी समय स्वच्छ स्वास्थ्यप्रद एवं ठीक अवस्था में रखा जाना चाहिये।

(च) ऐसे व्यक्ति को फैक्ट्री में कार्य करने की अनुमति नहीं दी जायेगी, जो किसी छूत, संक्रामक अथवा घृणाप्रद रोग से ग्रस्त हो।

6—अपर मुख्य अधिकारी अथवा उनके द्वारा प्रतिनिहित कोई अधिकारी लाइसेन्सिंग अधिकारी होगा।

उपविधि में वर्णित दण्ड के अतिरिक्त किसी भी धारा के बार-बार उल्लंघन करने पर लाइसेन्स अधिकारी को लाइसेन्स रद्द अथवा निलम्बित करने का अधिकार होगा।

7—लाइसेन्सिंग अधिकारी के निर्णय से क्षुब्ध कोई व्यक्ति ऐसे निर्णय के दिनांक से 15 दिन के अन्दर अध्यक्ष जिला परिषद्, कानपुर देहात के यहां अपील कर सकेगा और अध्यक्ष का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।

8—लाइसेन्स अवधि 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होगी। लाइसेन्स का समय से नवीनीकरण न कराने पर 10 रुपये प्रतिदिन जुर्माना देकर लाइसेन्स का नवीनीकरण कराया जा सकेगा। नवीनीकरण की फीस वही होगी जो लाइसेन्स फीस की धनराशि होगी।

9—उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव सोसाइटी अथवा उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत समितियां

... उद्योग फीस को आधी फीस की छूट प्रदान की जायेगी।

10--लाइसेन्स फीस की दरें निम्न होंगी। जिन्हें जमा करने पर जिला परिषद् से लाइसेन्स पाने का हकदार होगा।

| | | रु० | |
|---|---|---|---|
| (1) | ह्यूमपाइप अथवा स्टील रोलिंग पाइप इण्डस्ट्रीज | 3000.00 | प्रतिवर्ष |
| (2) | सरिया बनाने का कारखाना/फैक्ट्री | 4000.00 | ,, |
| (3) | पंखा/सिलाई मशीन बनाने का कारखाना/फैक्ट्री | 3000.00 | प्रतिवर्ष |
| (4) | जूट, सन, प्लास्टिक, साइलोन की वस्तुएं बनाने का कारखाना | 5000.00 | ,, |
| (5) | गैस भरने की फैक्ट्री | 5000.00 | ,, |
| (6) | आइस फैक्ट्री | 3000.00 | ,, |
| (7) | कोल्ड स्टोरेज | 4000.00 | ,, |
| (8) | दवा की फैक्ट्री (केमिकल) | 4000.00 | ,, |
| (9) | खाद्य, तेल अथवा दाल मिल | 4000.00 | ,, |
| (10) | खांडसारी अथवा छोटे पैमाने पर चीनी का कारखाना | 2500.00 | ,, |
| (11) | राइस मिल अथवा फ्लोर मिल | 2500.00 | ,, |
| (12) | अन्य ऐसे कारखाने जो अश्वशक्ति (विद्युत् अथवा आयल के संचालित हों) | | |
| | अ--11 से 50 अश्वशक्ति पर | 1000.00 | ,, |
| | ब--51 से 100 अश्व शक्ति | 2000.00 | ,, |
| | स--101 से 200 अश्व शक्ति | 3000.00 | ,, |
| | द--200 अश्व शक्ति या उससे अधिक पर | 4000.00 | ,, |
| (12) | इलेक्ट्रानिक उद्योग टी०वी० फ्रिज आदि अन्य उपकरणों से सम्बन्धित फैक्ट्री | 5000.00 | ,, |
| (13) | बिना आयल इंजन तथा विद्युत् मोटरों से संचालित अन्य प्रकार की फैक्ट्रियां, मिलों, उद्योगों व अन्य ऐसी संस्थाओं | 3000.00 | ,, |
| (14) | साइकिल, डिब्बा, ताला, बाल्टियां आदि बनाने का कारखाना | 4000.00 | ,, |
| (15) | सीमेन्ट फैक्ट्री | 4000.00 | ,, |
| (16) | पेन्ट बनाने का कारखाना | 2500.00 | ,, |
| (17) | स्कूटर/मोपेड/मोटर साइकिल बनाने का कारखाना | 5000.00 | ,, |
| (18) | घी, तेल, डालडा बनाने का कारखाना | 5000.00 | ,, |
| (19) | निषिद्ध लकड़ी को छोड़कर कोयला भट्ठी कार्य | 1000.00 | ,, |

## दण्ड

उत्तर प्रदेश क्षेत्र समिति एवं जिला परिषद् अधिनियम, 1961 की धारा 240 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला परिषद्, कानपुर देहात यह आदेश देती है कि इन उपविधियों का उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड से दण्डनीय होगा, जो रु० 250 (दो सौ पचास) मात्र तक होगा और यदि ऐसा उल्लंघन जारी रहे तो अतिरिक्त अर्थदण्ड से दण्डनीय होगा जो प्रथम दोष सिद्ध के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसके बारे में यह सिद्ध हो जाय कि अपराधी अपराध करता चला आ रहा है, 10 रुपया (दस रुपया) मात्र प्रतिदिन हो सकेगा अथवा अर्थदण्ड का भुगतान न किया तो कारावास से दण्डनीय होगा, जो तीन मास तक हो सकेगा।

नागिन्दर सिंह,
आयुक्त,
कानपुर मण्डल, कानपुर।

पी०एस०यू०पी०--9 हिन्दी गजट, भाग--3 1994 ई०।

मुद्रक और प्रकाशक--निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

सत्य प्रतिलिपि प्रमाणित

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, कानपुर देहात

CamScanner

# सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

इलाहाबाद, शनिवार, 2 अगस्त, 2014 ई0 (श्रावण 11, 1936 शक संवत्)

भाग 3

स्वायत्त शासन विभाग का कोड–पत्र, खण्ड–क–नगरपालिका परिषद, खण्ड–ख–नगर पंचायत, खण्ड–ग– निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा खण्ड–घ– जिला पंचायत।

## खण्ड–घ– जिला पंचायत

28 जून, 2014 ई0

सं0 2531/23–2/2013–141–1–उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा 239(2) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये जिला पंचायत, कानपुर देहात द्वारा पूर्व से दुकान लाइसेन्स उपविधि नियन्त्रित एवं नियमित करने के उद्देश्य से प्रचलित है। जो विज्ञप्ति संख्या 917/तेइस–6–2001–02, दिनांक 25 जनवरी, 2003 द्वारा लागू है। दुकान लागू उपविधि के अतिरिक्त 29 नये व्यवसाइयों को क0 सं0 82 के पश्चात् सम्मिलित किये गये है। वित्तीय वर्ष में 30 अप्रैल तक ला0 शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। 30 अप्रैल के पश्चात् लागू उपविधि में विलम्ब शुल्क 25 प्रतिशत प्रतिमाह लागू था। परन्तु विलम्ब शुल्क अधिक होने के कारण विलम्ब शुल्क में प्रतिमाह 10 प्रतिशत संशोधन प्रस्तावित है। उक्त प्रस्तावित संशोधन गजट में प्रकाशन की तिथि से लागू होगा।

| स्तम्भ– 1 | | | स्तम्भ– 2 | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क0 स0 | वर्तमान दरें | रुपया | क0 स0 | संशोधित दरें | रुपया |
| 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | कपड़ा की फुटकर दुकान | 100 | 1 | कपड़ा की फुटकर दुकान | 300 |
| 2 | कपड़ा की स्थायी दुकान | 300 | 2 | कपड़ा की स्थायी दुकान | 500 |
| 3 | परचून की दुकान | 100 | 3 | परचून की दुकान | 500 |
| 4 | हलवाई की दुकान | 100 | 4 | हलवाई की दुकान | 300 |
| 5 | होटल /ढाबा | 1000 | 5 | होटल /ढाबा | 1500 |
| 6 | इमारती लोहे की दुकान | 300 | 6 | इमारती लोहे की दुकान | 500 |
| 7 | बिना आरामशीन लकड़ी की दुकान | 300 | 7 | बिना आरामशीन लकड़ी की दुकान | 500 |
| 8 | लकड़ी आरामशीन सहित दुकान | 500 | 8 | लकड़ी आरामशीन सहित दुकान | 1000 |
| 9 | बांस बल्ली की दुकान | 300 | 9 | बांस बल्ली की दुकान | 500 |
| 10 | चमडे के जूते चप्पल की दुकान | 200 | 10 | चमडे के जूते चप्पल की दुकान | 500 |
| 11 | रबड प्लास्टिक एंव कपडे के जूते चप्पल आदि की दुकान | 100 | 11 | रबड प्लास्टिक एंव कपडे के जूते चप्पल आदि की दुकान | 300 |
| 12 | गल्ले की दुकान आढ़त | 1000 | 12 | गल्ले की दुकान आढ़त | 2000 |
| 13 | गल्ले का व्यवसाय खरीद फरोख्त | 300 | 13 | गल्ले का व्यवसाय खरीद फरोख्त | 600 |
| 14 | फट्टा डालकर गल्ले का कार्य | 100 | 14 | फट्टा डालकर गल्ले का कार्य | 150 |
| 15 | किराना की अस्थायी दुकान | 200 | 15 | किराना की अस्थायी दुकान | 300 |
| 16 | किराना की स्थायी दुकान | 300 | 16 | किराना की स्थायी दुकान | 500 |
| 17 | बर्तन की दुकान पीतल कस्कुट आदि की दुकान | 300 | 17 | बर्तन की दुकान पीतल कस्कुट आदि की दुकान | 500 |
| 18 | अल्यूमिनियम बर्तन की दुकान | 100 | 18 | अल्यूमिनियम बर्तन की दुकान | 300 |

CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | कपड़े की थोक दुकान | 500 | 19 | कपड़े की थोक दुकान | 1000 |
| 20 | सोने चाँदी आभूषण बनाने की दुकान (सुनारी कार्य) | 300 | 20 | सोने चाँदी आभूषण बनाने की दुकान (सुनारी कार्य) | 500 |
| 21 | सोने चाँदी आभूषण बनाने की दुकान | 500 | 21 | सोने चाँदी आभूषण बनाने की दुकान | 100 |
| 22 | पुस्तक कॉपी स्टेशनरी की दुकान | 200 | 22 | पुस्तक कॉपी स्टेशनरी की दुकान | 500 |
| 23 | मेडिकल स्टोर दवाईयां डाक्टर/वैद्य की दुकान | 300 | 23 | मेडिकल स्टोर दवाईयां डाक्टर/वैद्य की दुकान | 500 |
| 24 | चाय पकौड़ी, पान, बीड़ी, सिगरेट कम्पट, बिस्कुट पान मसाला की दुकान | 100 | 24 | चाय पकौड़ी, पान, बीड़ी, सिगरेट कम्पट, बिस्कुट पान मसाला की दुकान | 300 |
| 25 | लकड़ी के टाल की दुकान | 500 | 25 | लकड़ी के टाल की दुकान | 600 |
| 26 | कोयले की दुकान | 200 | 26 | कोयले की दुकान | 300 |
| 27 | पेट्रोल या डीजल पम्प | 2000 | 27 | पेट्रोल या डीजल पम्प | 4000 |
| 28 | पेट्रोल या डीजल डीलर | 1000 | 28 | पेट्रोल या डीजल डीलर | 1500 |
| 29 | डीजल या मिट्टी तेल की दुकान | 500 | 29 | डीजल या मिट्टी तेल की दुकान | 800 |
| 30 | साइकिल या साइकिल पुर्जे की दुकान | 500 | 30 | साइकिल या साइकिल पुर्जे की दुकान | 800 |
| 31 | साइकिल मरम्मत की दुकान | 100 | 31 | साइकिल मरम्मत की दुकान | 300 |
| 32 | जनरल मर्चेन्ट, होजरी रेडीमेड कपड़े की दुकान | 300 | 32 | जनरल मर्चेन्ट, होजरी रेडीमेड कपड़े की दुकान | 500 |
| 33 | बिसात खाने की दुकान | 100 | 33 | बिसात खाने की दुकान | 300 |
| 34 | कृषि सम्बन्धी मशनरी की दुकान | 500 | 34 | कृषि सम्बन्धी मशनरी की दुकान | 800 |
| 35 | बिजली की मोटर बल्बतार, लैम्प आदि की दुकान जहाँ पर बिजली से सम्बन्धित सामान बेचे जाते है। | 300 | 35 | बिजली की मोटर बल्बतार, लैम्प आदि की दुकान जहाँ पर बिजली से सम्बन्धित सामान बेचे जाते है। | 500 |
| 36 | घी व तेल की दुकान | 200 | 36 | घी व तेल की दुकान | 500 |
| 37 | घड़ी, चश्मा, स्टोर, पेट्रोमैक्स, लाउडस्पीकर आदि का सामान एवं मरम्मत की दुकान | 200 | 37 | घड़ी, चश्मा, स्टोर, पेट्रोमैक्स, लाउडस्पीकर आदि का सामान एवं मरम्मत की दुकान | 300 |
| 38 | गैस या बिजली से वेल्डिंग की दुकान | 200 | 38 | गैस या बिजली से वेल्डिंग की दुकान | 400 |
| 39 | ट्रक, ट्रैक्टर, टैम्पो, कार आदि के टायर टयूब की रिट्रेडिंग व मरम्मत की दुकान | 500 | 39 | ट्रक, ट्रैक्टर, टैम्पो, कार आदि के टायर टयूब की रिट्रेडिंग व मरम्मत की दुकान | 700 |
| 40 | हेयर कटिंग सैलून की दुकान | 100 | 40 | हेयर कटिंग सैलून की दुकान | 200 |
| 41 | फोटोग्राफर या फोटोस्टेट की कॉपी की दुकान | 200 | 41 | फोटोग्राफर या फोटोस्टेट की कॉपी की दुकान | 300 |
| 42 | फल की दुकान | 100 | 42 | फल की दुकान | 300 |
| 43 | साग सब्जी की दुकान | 50 | 43 | साग सब्जी की दुकान | 200 |
| 44 | टेलरिंग की दुकान एक से दो मशीन दो से अधिक मशीन | 100 | 44 | टेलरिंग की दुकान एक से दो मशीन दो से अधिक मशीन | 300,500 |
| 45 | ट्रक, ट्रैक्टर, लारी, मोटरकार, स्कूटर, मोटर साइकिल, मोटर आदि की मरम्मत की दुकान | 300 | 45 | ट्रक, ट्रैक्टर, लारी, मोटरकार, स्कूटर, मोटर साइकिल, मोटर आदि की मरम्मत की दुकान | 600 |
| 46 | रासायनिक खाद की एजेन्सी | 1000 | 46 | रासायनिक खाद की एजेन्सी | 1500 |
| 47 | रासायनिक खाद की दुकान | 200 | 47 | रासायनिक खाद की दुकान | 500 |
| 48 | सीमेन्ट एजेन्सी | 1000 | 48 | सीमेन्ट एजेन्सी | 1500 |

CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 49 | मौरंग बालू चूना, गिट्टी, पत्थर, सीमेन्ट तथा सामान सेनेटरी फिटिंग के कार्य में आने वाले सामान की दुकान | 500 | 49 | मौरंग बालू चूना, गिट्टी, पत्थर, सीमेन्ट तथा सामान सेनेटरी फिटिंग के कार्य में आने वाले सामान की दुकान | 700 |
| 50 | खली, चूनी, भूसा की दुकान | 100 | 50 | खली, चूनी, भूसा की दुकान | 300 |
| 51 | टेन्ट सामियाना काकरी के बर्तन मेंज, कुर्सी आदि किराये पर उठाने की दुकान | 500 | 51 | टेन्ट सामियाना काकरी के बर्तन मेंज, कुर्सी आदि किराये पर उठाने की दुकान | 1000 |
| 52 | बैण्डबाजा वाले की दुकान | 300 | 52 | बैण्डबाजा वाले की दुकान | 500 |
| 53 | आतिशबाजी की दुकान | 300 | 53 | आतिशबाजी की दुकान | 500 |
| 54 | गुड़ की दुकान | 100 | 54 | गुड़ की दुकान | 300 |
| 55 | गैस बत्ती, लाउडस्पीकर जनरेटर आदि किराये पर उठाने की दुकान | 300 | 55 | गैस बत्ती, लाउडस्पीकर जनरेटर आदि किराये पर उठाने की दुकान | 500 |
| 56 | दूध खोया की दुकान | 100 | 56 | दूध खोया की दुकान | 300 |
| 57 | कुल्फी आइस्कीम कैण्डी बर्फ आइस्कीम की दुकान | 100 | 57 | कुल्फी आइस्कीम कैण्डी बर्फ आइस्कीम की दुकान | 300 |
| 58 | लस्सी शर्बत व शीतल पेयजल की दुकान | 100 | 58 | लस्सी शर्बत व शीतल पेयजल की दुकान | 300 |
| 59 | लाण्ड्री | 100 | 59 | लाण्ड्री | 500 |
| 60 | लोहे की दुकान जिसमें ताला चाभी रेती नटबोल्ट, सिटकनी, जंजीर कीलकाटा खुर्पी, फडुआ आदि बेचे जाते है। | 300 | 60 | लोहे की दुकान जिसमें ताला चाभी रेती नटबोल्ट, सिटकनी, जंजीर कीलकाटा खुर्पी, फडुआ आदि बेचे जाते है। | 500 |
| 61 | फेरी की दुकान | 100 | 61 | फेरी की दुकान | 150 |
| 62 | टीन के बॉक्स, टीन के चादरे, कड़ाई, बाल्टी, बाल्टा आदि की दुकान | 500 | 62 | टीन के बॉक्स, टीन के चादरे, कड़ाई, बाल्टी, बाल्टा आदि की दुकान | 800 |
| 63 | रेडियो ट्रांजिस्टर मरम्मत की दुकान व रेडियो ट्रांजिस्टर बिक्री की दुकान | 100 | 63 | रेडियो ट्रांजिस्टर मरम्मत की दुकान व रेडियो ट्रांजिस्टर बिक्री की दुकान | 500 |
| 64 | फर्नीचर की दुकान जिसमें सोफा सेट, कुर्सी, चौकी, पावा, लकड़ी के दरवाजे खिड़की तथा बेन्च आदि की बिक्री होती है। | 300 | 64 | फर्नीचर की दुकान जिसमें सोफा सेट, कुर्सी, चौकी, पावा, लकड़ी के दरवाजे खिड़की तथा बेन्च आदि की बिक्री होती है। | 1000 |
| 65 | सभी प्रकार के बीज भंडार | 100 | 65 | सभी प्रकार के बीज भंडार | 300 |
| 66 | गांजा भांग ताड़ी की दुकान | 1000 | 66 | गांजा भांग ताड़ी की दुकान | 1200 |
| 67 | राब की दुकान | 2000 | 67 | राब की दुकान | 3000 |
| 68 | काकरी की दुकान | 100 | 68 | काकरी की दुकान | 3000 |
| 69 | रस्सी, बान, सुतली, निवार, बीरा, मूंज, टाट पट्टी की दुकान | 200 | 69 | रस्सी, बान, सुतली, निवार, बीरा, मूंज, टाट पट्टी की दुकान | 300 |
| 70 | खैनी पीनी तम्बाकू की दुकान | 100 | 70 | खैनी पीनी तम्बाकू की दुकान | 300 |
| 71 | खड़खड़ा, इक्का, तांगा गाड़ी के सामान बनाने व मरम्मत की दुकान | 200 | 71 | खड़खड़ा, इक्का, तांगा गाड़ी के सामान बनाने व मरम्मत की दुकान | 500 |
| 72 | कोल्ड स्टोर (शीतगृह) | 5000 | 72 | कोल्ड स्टोर (शीतगृह) | 8000 |
| 73 | कपड़ा रंगाई छपाई की दुकान | 200 | 73 | कपड़ा रंगाई छपाई की दुकान | 300 |
| 74 | प्रिंटिग प्रेस | 500 | 74 | प्रिंटिग प्रेस | 800 |
| 75 | लोहारी की दुकान | 50 | 75 | लोहारी की दुकान | 150 |

CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 76 | चावल व चूरा बनाने का कारखाना एवं पालेसर मशीन | 300 | 76 | चावल व चूरा बनाने का कारखाना एवं पालेसर मशीन | 1000 |
| 77 | सिनेमाघर | 500 | 77 | सिनेमाघर | 1500 |
| 78 | फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी | 200 | 78 | फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी | 500 |
| 79 | मोबिऑयल की दुकान | 250 | 79 | मोबिऑयल की दुकान | 500 |
| 80 | सीमेन्ट की दुकान | 500 | 80 | सीमेन्ट की दुकान | 700 |
| 81 | ऑटोपार्ट्स | 300 | 81 | ऑटोपार्ट्स | 800 |
| 82 | अन्य दुकाने/व्यवसाय जो उपरोक्त वर्गीकरण में नही आती है | 100 | 82 | अन्य दुकाने/व्यवसाय जो उपरोक्त वर्गीकरण में नही आती है | 500 |
| | | | 83 | मोटर कार एजेन्सी | 10000 |
| | | | 84 | मोटर, साइकिल, स्कूटर स्कूटी एजेन्सी | 5000 |
| | | | 85 | ट्रैक्टर एजेन्सी | 10000 |
| | | | 86 | पैथोलॉजी सेन्टर | 1000 |
| | | | 87 | ट्रॉन्सपोर्ट/एजेन्सी कम्पनी | 3000 |
| | | | 88 | धर्मकॉटा | 1000 |
| | | | 89 | नर्सिंगहोम/जच्चा बच्चा केन्द्र/चिकित्सालय (10 बेड तक) (प्राईवेट) | 3000 |
| | | | 90 | ब्यूटीपार्लर | 500 |
| | | | 91 | टेलीकॉम सेन्टर/मोबाईल बिक्री एवं मरम्मत आदि की दुकान | 1000 |
| | | | 92 | कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेन्टर/इन्टरनेट कैफे सेन्टर | 1000 |
| | | | 93 | डेरी फार्म/डेरी उत्पादन सम्बन्धी खाद्य वस्तुओ की बिक्री | 2000 |
| | | | 94 | पोल्ट्रीफार्म | 1000 |
| | | | 95 | पम्पिंगसेट/डीजल इंजन आदि डीलर एजेन्सी | 3000 |
| | | | 96 | गेस्टहाउस | 5000 |
| | | | 97 | कन्ट्रक्शन कम्पनी/बिल्डर्स (रजिस्टर्ड) | 5000 |
| | | | 98 | चार पहिया वाहन सर्विस सेन्टर | 1000 |
| | | | 99 | ब्रेकरी | 1000 |
| | | | 100 | सभी प्रकार के होर्डिंग बैनर आदि बनाने की दुकान | 2000 |
| | | | 101 | इन्टरलाकिंग टाइल्स निर्माण व बिक्री का कार्य | 2000 |
| | | | 102 | ट्रैवल्स एजेंसी | 1000 |
| | | | 103 | वेयर हाउस /बहुउपयोगी गोदाम | 5000 |
| | | | 104 | मोबाईल टॉवर | 5000 |
| | | | 105 | डिस्क ऑपरेटर | 2000 |
| | | | 106 | खोया भट्ठी | 500 |
| | | | 107 | नर्सरी फार्म | 500 |
| | | | 108 | नल बोरिंग की दुकान | 500 |
| | | | 109 | गैस एजेन्सी | 3000 |
| | | | 110 | रेस्टोरेन्ट | 5000 |

CamScanner

**दण्ड**

उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एंव जिला पंचायत अधिनियम 1961 की धारा 240 के अधीन प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुए जिला पंचायत यह निर्देश देती है कि जो व्यक्ति इस उपविधियो का उल्लंघन करेगा वह अर्थ दण्ड से दण्डनीय होगा जो अंकन रू0 1000,00 तक होगा और यदि ऐसा उल्लंघन जारी रहे तो अतिरिक्त अर्थदण्ड से दण्डित होगा जो प्रथम दोष सिद्ध के पश्चात ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिनके बारे में अनराधी अपराध करता रहा है रू0 50,00 प्रतिदिन का अर्थदण्ड हो सकेगा अथवा अर्थदण्ड का भुगतान न किया जाये तो कारवास से दण्डित किया जायेगा / जो तीन माह तक हो सकेगा ।

मोहम्मद इफ्तेखारूददीन
आयुक्त
कानपुर मंडल कानपुर

सत्य प्रतिलिपि प्रमाणित

for अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, कानपुर [illegible]